बापू टावर के आसपास की सड़कें होंगी और चौड़ी, पेड़ भी लगेंगे: मुख्यमंत्री

बापू टावर में लगे बापू के प्रदर्श को देखकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचंभित रहे बिना नहीं रह सके.

संवाददाता, पटना

□ मुख्यमंत्री ने बापू टावर के प्रदर्श का किया निरीक्षण, दो अक्तूबर को करेंगे लोकार्पण

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को शाम गर्दनीबाग में बापू टावर का निरीक्षण किया. उन्होंने बापू टावर के आसपास की सड़कों को चौड़ीकरण कराने और सड़क किनारे पेड़ लगाने का अधिकारियों को निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सड़कें चौड़ी होने पर यहां पहुंचने में कोई असुविधा नहीं होगी. उन्होंने कहा कि बापू टावर बहुत अच्छा बन गया है. यह लोगों के लिए दर्शनीय होगा. हमने इसके निर्माण कार्य को कई बार आकर देखा है और समय-समय पर सुझाव देते रहे हैं. इस बापू टावर का लोकार्पण दो अक्तूबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लोकार्पण से बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नयी पीढ़ी जान सकेगी. यहां बापू के जीवन से जुड़ीं ऐतिहासिक घटनाएं, गांधी जी के विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से उनके लगाव और बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित कर प्रदर्शित किया जा रहा है. इस परिसर को हरा-भरा और व्यवस्थित बनाया गया है. मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने के कार्यों के प्रदर्शन के लिए दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधाएं और अन्य संरचनाओं की जानकारी ली. उन्होंने भूतल, तीसरा तल और पांचवें तल पर जाकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया. सीएम ने ओरियेंटेशन हॉल में टर्न टेबल थियेटर शो (रोटेटिंग पर्दे) का भी जायजा लिया. भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी. आगंतुक पहले ओरियेंटेशन हॉल में बैठकर बापू की जीवनी सहित बिहार की गौरव गाथा को देख सकेंगे. इसके बाद मुख्यमंत्री ने टेक्नोलॉजी भवन, विश्वेश्वरैया भवन, विकास भवन के बाहरी साज-सज्जा और लाइटिंग कार्य को भी देखा.